# FORM G
# INVITATION FOR EXPRESSION OF INTEREST FOR STARLIT POWER SYSYTEMS LIMITED FACTORY AT GURGAON.

(Under Regulation 36A(1) of the Insolvency and Bankruptcy Board of India (Insolvency Resolution Process for Corporate Persons)Regulations, 2016)

<table>
<tr><th colspan="3">RELEVANT PARTICULARS</th></tr>
<tr><td>1.</td><td>Name of the corporate debtor along with PAN/ CIN/ LLP No.</td><td>STARLIT POWER SYSTEMS LIMITED<br>**CIN-** L37200DL2008PLC174911</td></tr>
<tr><td>2.</td><td>Address of the registered office</td><td>A-1/51, LGF, Safdarjung Enclave,New Delhi-110029, South Delhi,<br>India</td></tr>
<tr><td>3.</td><td>URL of website</td><td>secretarial@starlitgroup.net</td></tr>
<tr><td>4.</td><td>Details of place where majority of fixed assets are located</td><td>Starlit Powers Systems Limited, Atta, G 41 , Sohna, Gurgaon, Haryana – 122003</td></tr>
<tr><td>5.</td><td>Installed capacity of main products/ services</td><td>
**Lead**
<table>
<tr><th>Name</th><th>Metric Tonnes/Day</th><th>Yearly*</th></tr>
<tr><td>**Lead Oxide Grey and Red**</td><td>**15**</td><td>**4500**</td></tr>
<tr><td>**Refined Lead**</td><td>**15**</td><td>**4500**</td></tr>
<tr><td>**Led Alloys**</td><td>**15**</td><td>**4500**</td></tr>
<tr><td>**Remetted Lead**</td><td>**30**</td><td>**9000**</td></tr>
</table>
**Battery**
<table>
<tr><th>Name</th><th>Numbers/day</th><th>Yearly</th></tr>
<tr><td>**Auto Battery**</td><td>**480**</td><td>**144000**</td></tr>
<tr><td>**Inverter Battery**</td><td>**480**</td><td>**144000**</td></tr>
</table>
***No. of days taken 300 for yearly computation, taking only the working days.**
</td></tr>
</table>

| | | |
|---|---|---|
| 6. | Quantity and value of main products/ services sold in last financial year | As per the provisional Balance Sheet dated 20.03.2023, the sale recorded is 55,95,077.50.<br>**Remelted Lead**<br>20,000.000 Kgs<br>**Oxide**<br>14,000.000 Kgs<br><br>At present the company is operating on lease. |
| 7. | Number of employees/ workmen | NIL |
| 8. | Further details including last available financial statements (with schedules) of two years, lists of creditors, relevant dates for subsequent events of the process are available at: | Details can be sought by sending a request to the Interim Resolution Professional at<br><br>starlit.cirp@gmail.com |
| 9. | Eligibility for resolution applicants under section 25(2)(h) of the Code is available at: | Details can be sought by sending a request to the Resolution Professional at<br><br>starlit.cirp@gmail.com |
| 10. | Last date for receipt of expression of interest | 01-06-2023 |
| 11. | Date of issue of provisional list of prospective resolution applicants | 11-06-2023 |
| 12. | Last date for submission of objections to provisional list | 16-06-2023 |
| 13. | Process email id to submit EOI | starlit.cirp@gmail.com |

Mr. Khushvinder Singhal
Interim Resolution Professional
Regn No IBBI/IPA-002/IP-N00888/2019 -2020/12833
For M/s Starlit power Systems Limited
Registered Email- kvsinghal@gmail.com
Email for Correspondence: starlit.cirp@gmail.com

Mob: +91-9914030030, +91-9875921491


Date- 17.05.2023
Place- Chandigarh

नई दिल्ली | बुधवार, 17 मई 2023 बिज़नेस स्टैंडर्ड

## खबरों में रहे स्टॉक




### ऑनमोबाइल ग्लोबल




उद्योगों में ब्रांडों के लिए सास आधारित गेमिफिकेशन प्लेटफॉर्म पेश किया

₹ 69.8 पिछला बंद भाव
₹ 78.2 आज का बंद भाव
12.0 % ▲


### जुबिलैंट इंग्रेविया




वित्त वर्ष 23 की चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 24 प्रतिशत लुढ़का

₹ 421.2 पिछला बंद भाव
₹ 396.4 आज का बंद भाव
-5.9 % ▼


### कजारिया सरैमिक्स




वित्त वर्ष 23 की चौथी तिमाही के दौरान 108 करोड़ रुपये का लाभ दर्ज किया

₹ 1,177.3 पिछला बंद भाव
₹ 1,184.7 आज का बंद भाव
0.6 % ▲


### पारस डिफेंस ऐंड स्पेस टेक्नो




सोसाइटी ऑफ एप्लाइड माइक्रोवेव इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग रिसर्च संग करार

₹ 533.8 पिछला बंद भाव
₹ 541.2 आज का बंद भाव
1.4 % ▲

### विप्रो




क्लाउड की दिशा में ग्राहक की यात्रा को गति देने के लिए गूगल के साथ भागीदारी

₹ 385.8 पिछला बंद भाव
₹ 386.8 आज का बंद भाव
0.3 % ▲

## संक्षेप में

### एयर इंडिया एक्सप्रेस ने की 280 पायलटों की भर्ती

किफायती अंतरराष्ट्रीय विमानन सेवा एयर इंडिया एक्सप्रेस ने हाल ही में चले भर्ती अभियान के दौरान 280 पायलट के साथ चालक दल के 250 सदस्यों की भी नियुक्ति की है। एयरलाइन ने मंगलवार को बयान में कहा कि दिल्ली, मुंबई और बेंगलूरु में चलाए गए भर्ती अभियान में करीब 300 पायलट ने शिरकत की जिनमें से 280 से अधिक पायलट अंतिम रूप से चुने गए हैं। टाटा समूह के स्वामित्व वाली इस एयरलाइन ने कहा कि वह पिछले साल अक्टूबर से ही अपने कार्यबल को बढ़ाने की कोशिश में लगी हुई थी। एयरलाइन चालक दल के सदस्यों की भर्ती के लिए देश के प्रमुख शहरों के अलावा अन्य शहरों एवं कस्बों में भी चयन प्रक्रिया संचालित कर रही है। पहले यह एयरलाइन सरकार के मातहत संचालित होती थी लेकिन पिछले साल एयर इंडिया के साथ इसका नियंत्रण भी टाटा समूह के पास चला गया था। *भाषा*

### मोंडलीज इंटरनैशनल ने जैन को बनाया अध्यक्ष

मोंडलीज इंटरनैशनल ने समीर जैन को अध्यक्ष नियुक्त किया है और उनकी कंपनी में उनकी नियुक्ति अगस्त से प्रभावी होगी। जैन कंपनी में दीपक अय्यर की जगह लेंगे, जिन्हें पदोन्नत कर एशिया प्रशांत, मध्य-पूर्व, और अफ्रीका (एएमईए) क्षेत्र के लिए ईवीपी एवं अध्यक्ष बनाया गया है। कंपनी द्वारा जारी की गई प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि जैन अपनी नई जिम्मेदारी के तहत दीपक अय्यर को रिपोर्ट करेंगे। मोंडलीज इंटरनैशनल में शामिल होने से पहले जैन यूनिलीवर इंडिया समेत कई कंपनियों में काम कर चुके हैं। *बीएस*

# कम हुआ बॉम्बे बर्मा का निवेश

## गो फर्स्ट में वित्त वर्ष 2023 के दौरान वाडिया समूह की कुछ कंपनियों ने निवेश घटाया

**देव चटर्जी**
मुंबई, 16 मई




### विमानन उद्योग

- आईसीडी के जरिये बॉम्बे बर्मा का विमानन कंपनी में था 315 करोड़ रुपये का निवेश
- बॉम्बे बर्मा के पास विमानन कंपनी में प्रत्यक्ष रूप से 32 प्रतिशत की हिस्सेदारी भी है
- शेष स्वामित्व वाडिया की निजी कंपनियों के पास है
- विमानन कंपनी ने वित्त वर्ष 23 में आईसीडी के हिस्से का भुगतान किया

वाडिया समूह की कुछ सूचीबद्ध कंपनियों ने दिवालिया गो फर्स्ट एयरलाइंस में वित्त वर्ष 2023 के दौरान अपने निवेश में कमी की, जिससे बॉम्बे बर्मा ट्रेडिंग का निवेश घटकर 65 करोड़ रुपये रह गया।

वित्त वर्ष 2022 की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार इंटर-कॉरपोरेट जमा (आईसीडी) के माध्यम से बॉम्बे बर्मा का विमानन कंपनी में 315 करोड़ रुपये का निवेश था। बॉम्बे बर्मा के पास विमानन कंपनी में प्रत्यक्ष रूप से 32 प्रतिशत की हिस्सेदारी भी है, जबकि शेष स्वामित्व वाडिया की निजी कंपनियों के पास है। 6,684 करोड़ रुपये के बाजार मूल्यांकन वाली बॉम्बे बर्मा का शेयर मंगलवार को 958 रुपये प्रति शेयर पर बंद हुआ।

वार्षिक रिपोर्ट की सूचना के अनुसार वाडिया की अन्य कंपनियों के आईसीडी का भुगतान उसी वर्ष कर दिया। खाद्य विनिर्माता ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज को एक साल पहले ही उसका पूरा 320 करोड़ रुपये वापस मिल गया था।

प्रवर्तकों से पिछले दो साल में 3,200 करोड़ रुपये की इक्विटी प्राप्त करने वाली विमानन कंपनी ने 2 मई को दिवालिया प्रक्रिया के लिए आवेदन किया था। उसने भारत में अपने 28 ठप पड़े विमानों को फिर से सक्रिय करने के लिए अमेरिकी की इंजन विनिर्माता प्रैट ऐंड व्हिटनी (पीऐंडडब्ल्यू) को उसके दोषपूर्ण इंजनों के रखरखाव में विफल रहने का आरोप लगाया था। पीऐंडडब्ल्यू ने विमानन कंपनी के इन आरोपों को 'बिना महत्त्व' वाला कहा है। वाडिया कंपनियों के अलावा वे भारतीय बैंक, जिनका विमानन कंपनी में 6,500 करोड़ रुपये का निवेश है, घाटे के लिए प्रावधान करने और समाधान पेशेवर के साथ दावा करने की योजना बना रहे हैं। बॉम्बे बर्मा राष्ट्रीय कंपनी कानून पंचाट (एनसीएलटी) द्वारा नियुक्त समाधान पेशेवर के साथ भी दावा करेगी। कॉरपोरेट वकीलों का कहना है कि अगर विमानन कंपनी जल्दी शुरू हो जाती है, तो बैंकों के घाटे में कमी आएगी।

गो फर्स्ट के अधिकारी ने कहा कि विमानन कंपनी के सामने आने वाली दिक्कतों के बावजूद वह 45 करोड़ रुपये के मासिक वेतन बिल में चूक नहीं करेगी। परिचालन फिर से शुरू करने के लिए विमानन कंपनी के पास करीब 300 करोड़ रुपये हैं। गोफर्स्ट के अलावा, इंडिगो के लगभग 50 विमान और स्पाइस जेट के 20 विमान (टर्बो प्रोप इंजन) भी पीऐंडडब्ल्यू के दोषपूर्ण इंजनों की वजह से आज की तारीख में ठप पड़े हुए हैं।

### प्रैट ऐंड व्हिटनी : आपातकालीन मध्यस्थता की जरूरत

गो फर्स्ट ने कहा है कि उसे इंजन विनिर्माता प्रैट ऐंड व्हिटनी के साथ विवाद में आपातकालीन मध्यस्थता की जरूरत है ताकि उसे कारोबार से बाहर जाने से रोका जा सके। कंपनी ने रेथियॉन टेक्नोलॉजीज के स्वामित्व वाली इंजन विनिर्माता को अपने वित्तीय संकट और दिवालिया आवेदन के लिए दोषी ठहराया है। उसका तर्क है कि फर्म 'दोषपूर्ण' इंजनों की आपूर्ति और समय पर बदलने में विफल रही, जिसके परिणामस्वरूप उसके विमानों का आधा बेड़ा ठप हो गया। *रॉयटर्स*

# बीओबी का गो फर्स्ट के लिए प्रावधान

**अभिजित लेले**
मुंबई, 16 मई

**बैंक ऑफ बड़ौदा ने विमानन कंपनी के लिए किया है 500 करोड़ रुपये का प्रावधान**

**बैंक** ऑफ बड़ौदा (बीओबी) ने गो फर्स्ट एयरलाइंस को कर्ज के लिए 500 करोड़ रुपये का विवेकपूर्ण प्रावधान किया है, जो एनसीएलटी द्वारा स्वैच्छिक दिवालिया प्रक्रिया के लिए उसकी याचिका स्वीकार करने के बाद दिवालिया संरक्षण के तहत गई है।

बीओबी के प्रबंध निदेशक संजीव चड्ढा ने कहा कि बैंक पहले मसलों की पहचान करता है और आवश्यक प्रावधान करता है। कंपनी (गो फर्स्ट एयरलाइन) ने आवेदन किया है और आंकड़े (निवेश) सार्वजनिक रूप से जानकारी में हैं।

मुंबई के सार्वजनिक क्षेत्र के ऋणदाता बीओबी ने इस संकटग्रस्त विमानन कंपनी को 1,300 करोड़ रुपये का कर्ज दिया हुआ है। इसमें वह निवेश शामिल नहीं है जिसकी गारंटी भारत सरकार द्वारा आपातकालीन क्रेडिट लाइन के तहत दी गई है।

इस कर्ज में से लगभग 1,000 करोड़ रुपये भौतिक प्रतिभूतियों और कॉरपोरेट गारंटी के रूप में गिरवी रखा गया है।

स तिमाही में बैंक ने इस खाते के लिए 500 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। जिसका मतलब है कि किसी भी संभावित गिरावट को पूरी तरह से ध्यान में रखा गया है और जहां तक इस खाते का संबंध है, बैंक पूरी तरह से सुरक्षित है। वित्त वर्ष 23 की चौथी तिमाही के परिणामों की घोषणा के बाद चड्ढा ने मीडिया को यह जानकारी दी।

# बैंक ऑफ बड़ौदा का लाभ दोगुने से भी अधिक हुआ

**सार्वजनिक** क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) का शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष 2022-23 की जनवरी-मार्च तिमाही में दोगुना से अधिक होकर 4,775.33 करोड़ रुपये रहा। मुख्य रूप से ब्याज आय बढ़ने और फंसे कर्ज के लिये प्रावधान कम होने से बैंक ने अधिक मुनाफा कमाया है। बैंक ने मंगलवार को शेयर बाजारों को यह जानकारी दी। इससे पूर्व वित्त वर्ष 2021-22 की इसी तिमाही में बैंक का एकल आधार पर शुद्ध लाभ 1,778.77 करोड़ रुपये था। बीओबी की ब्याज आय 2022-23 की चौथी तिमाही में बढ़कर 25,857 करोड़ रुपये रही जो एक साल पहले इसी तिमाही में 18,174 करोड़ रुपये थी। फंसे कर्ज के एवज में प्रावधान मार्च, 2023 को समाप्त तिमाही में करीब आधा होकर 1,420 करोड़ रुपये रहा जो एक साल पहले इसी तिमाही में 3,736 करोड़ रुपये था। पूरे वित्त वर्ष 2022-23 में बैंक का शुद्ध लाभ करीब दोगुना होकर 14,109 करोड़ रुपये रहा जो इससे पूर्व वित्त वर्ष में 7,272 करोड़ रुपये था।



वित्तीय परिणाम

### मैक्स हेल्थकेयर का शुद्ध लाभ 86 प्रतिशत बढ़ा

मैक्स हेल्थकेयर इंस्टिट्यूट का वित्त वर्ष 2022-23 की मार्च तिमाही का शुद्ध मुनाफा 86 प्रतिशत बढ़कर 320 करोड़ रुपये हो गया। स्वास्थ्य सेवा प्रदाता कंपनी ने वित्त वर्ष 2021-22 की मार्च तिमाही में 172 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। मैक्स हेल्थकेयर ने बयान में कहा कि चौथी तिमाही में उसका शुद्ध राजस्व बढ़कर 1,551 करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल पहले की समान अवधि में 1,224 करोड़ रुपये था।

बीते पूरे वित्त वर्ष में कंपनी का मुनाफा बढ़कर 1,328 करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जो 2021-22 में 752 करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 2021-22 के 4,981 करोड़ रुपये की तुलना में वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी की शुद्ध आमदनी बढ़कर 5,902 करोड़ रुपये हो गई। कंपनी ने कहा कि उसके निदेशक मंडल ने 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए प्रति इक्विटी शेयर पर एक रुपये के अंतिम लाभांश को मंजूरी दी है।

### टीवी टुडे नेटवर्क शुद्ध लाभ 84 प्रतिशत घटा

टीवी टुडे नेटवर्क लिमिटेड का बीते वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 83.6 प्रतिशत घटकर 5.85 करोड़ रुपये रह गया है। टीवी टुडे नेटवर्क ने शेयर बाजार को यह जानकारी दी। जनवरी-मार्च, 2022 में कंपनी का शुद्ध लाभ 35.69 करोड़ रुपये था। समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की परिचालन आय 10.36 प्रतिशत घटकर 271.14 करोड़ रुपये रह गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 242.26 करोड़ रुपये थी। *भाषा*

# लागत घटाने पर काम कर रही क्वालकॉम

**सुरजीत दास गुप्ता**
नई दिल्ली, 16 मई

**वैश्विक** फैबलेस चिप विनिर्माता क्वालकॉम इंक 5जी स्मार्टफोन की कीमत में लगभग 90 डॉलर (7,000-8,000 रुपये) तक लाने के लिए मूल उपकरण विनिर्माताओं (ओईएम) के साथ काम कर रही है, जिसमें वॉल्यूम के आधार पर संचालित बड़े उपभोक्ता बाजार को आकर्षित करने के लिए अतिरिक्त सुविधाएं भी शामिल हैं। मोबाइल विनिर्माताओं ने यह जानकारी दी है।

क्वॉलकॉम इंडिया और एसएएआरसी के अध्यक्ष राजन वागडिया ने बिजनेस स्टैंडर्ड को बताया कि भारत में मध्य और शुरुआती स्तर के फोन वॉल्यूम वृद्धि करने वाले मुख्य कारक थे। उन्होंने कहा कि इन खंडों को लक्ष्य बनाने वाले उपभोक्ता किफायती 5जी स्मार्टफोन उपलब्ध होने का इंतजार कर रहे हैं। हमारी कार्य योजना से ओईएम इन खंडों में उत्पादों को डिजाइन करने में सक्षम होंगे और हमें उम्मीद है कि 5जी हैंडसेट 10,000 रुपये और उससे कम मूल्य स्तर को पार कर लेंगे।

यह कदम ऐसे समय में सामने आया है, जब देश में जनवरी-मार्च तिमाही (वर्ष 23 की पहली तिमाही) के दौरान स्मार्टफोन की कुल बिक्री में सालाना आधार पर 19 फीसदी की तेज गिरावट देखी गई, जो काउंटरपॉइंट के आंकड़ों के अनुसार लगातार तीसरी तिमाही की गिरावट है।



हालांकि बाजार के प्रीमियम और महंगे (30,000 रुपये से अधिक वाले) खंड में वृद्धि हुई है और 45,000 रुपये से अधिक कीमत वाले फोन की बिक्री में 66 प्रतिशत तक का इजाफा तथा 30,000 रुपये से लेकर 45,000 रुपये तक वाले फोन में 60 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। यह या इससे नीचे वाले बाजार में करीब 33 फीसदी की खासी गिरावट देखी गई है। यह खंड कारोबार के वॉल्यूम का संचालक है।

बड़े स्तर पर वॉल्यूम संचालित बाजार में 10,000 रुपये से कम कीमत वाले फोन की बिक्री में नौ प्रतिशत की गिरावट आई है, जिसकी मुख्य वजह है प्रतिस्थापन की लंबी अवधि, फीचर फोन से स्मार्टफोन की दिशा में जाने की गति में गिरावट और बाजार में नए मॉडल की कमजोर मौजूदगी।

वर्तमान में शुरुआती स्तर के 5जी फोन की कीमत 12,000 रुपये से लेकर 15,000 रुपये के बीच है। कीमत में कमी होना महत्वपूर्ण बात है। खास तौर पर इसलिए क्योंकि रिलायंस जियो और एयरटेल ने देश भर में 5जी की तेजी से शुरुआत करने के लिए भारी निवेश किया है। उम्मीद है कि वे साल के अंत तक पूरे भारत तक पहुंच जाएंगी।

# इंडियन ऑयल के लाभ में 67 प्रतिशत इजाफा

**देश** की सबसे बड़ी पेट्रोलियम कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) का वित्त वर्ष 2022-23 की अंतिम तिमाही में शुद्ध लाभ 67 प्रतिशत की बड़ी बढ़ोतरी के साथ 10,058.69 करोड़ रुपये रहा है। सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनी आईओसी ने मंगलवार को जनवरी-मार्च 2023 अवधि के नतीजों की जानकारी शेयर बाजारों को देते हुए कहा कि इस दौरान एकल आधार पर उसका शुद्ध लाभ 10,058.69 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। एक साल पहले की समान अवधि में उसका लाभ 6,021.88 करोड़ रुपये रहा था।

तेल विपणन मार्जिन में सुधार और बेहतर रिफाइनिंग मार्जिन ने आईओसी का मुनाफा बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई है।

समाप्त वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में दमदार प्रदर्शन दिखाने से आईओसी के समूचे वित्त वर्ष के लिए अपना लाभ बेहतर करने में भी मदद मिली। वित्त वर्ष 2022-23 की पहली छमाही में लागत के अनुरूप डीजल, पेट्रोल और एलपीजी की कीमतें नहीं होने से आईओसी को भारी नुकसान उठाना पड़ा था। लेकिन दूसरी छमाही के बेहतर प्रदर्शन ने स्थिति सुधार दी। समूचे वित्त वर्ष में कंपनी का शुद्ध लाभ 8,241.82 करोड़ रुपये पर पहुंच गया जबकि वित्त वर्ष 2021-22 में यह 24,184 करोड़ रुपये रहा था। ईओसी ने बयान में लाभ में गिरावट की वजह बताते हुए कहा, 'एक साल पहले की तुलना में विपणन एवं पेट्रो केमिकल मार्जिन कम होने और विनिमय ह्रास बढ़ने की वजह से ऐसा हुआ है।'

आईओसी के अलावा सार्वजनिक क्षेत्र की दो अन्य कंपनियों- एचपीसीएल और बीपीसीएल ने भी पेट्रोलियम उत्पादों के दाम नहीं बढ़ाए हैं। हालांकि, रूस-यूक्रेन युद्ध छिड़ने के बाद कच्चे तेल के दाम में आया उबाल शांत होने से इन कंपनियों को होने वाले परिचालन घाटे में गिरावट आई। पेट्रोल और डीजल के दाम छह अप्रैल, 2022 से ही अपरिवर्तित चल रहे हैं। *भाषा*


**फॉर्म जी**
**स्टारलाइट पॉवर सिस्टम्स लिमिटेड**
**गुडगाँव स्थित फैक्टरी के लिए**
**अभिरुचि की अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रण**

(दिवाला और शोधन अक्षमता (कारपोरेट व्यक्तियों के लिए दिवालिया संकल्प प्रक्रिया) विनियमावली, 2016 के विनियम 36ए(1) के तहत)

**संबंधित विवरण**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कारपोरेट देनदार का नाम पैन/सीआईएन/एलएलपी नं. सहित | **स्टारलाइट पॉवर सिस्टम्स लिमिटेड**<br>**सीआईएनः** L37200DL2008PLC174911 |
| 2. | पंजीकृत कार्यालय का पता | ए–1/51, एलजीएफ, सफदरगंज एन्कलेव, नई दिल्ली–110029, दक्षिणी दिल्ली, भारत |
| 3. | वेबसाइट का यूआरएल | secretarial@starlitgroup.net |
| 4. | स्थान जहाँ अधिकांश स्थिर परिसंपत्तियाँ स्थित हैं | स्टारलाइट पॉवर सिस्टम्स लिमिटेड, अट्टा, जी 41, सोहना, गुडगाँव, हरियाणा–122003 |
| 5. | मुख्य उत्पादों/सेवाओं की इंस्टाल्ड क्षमता | **लीड**<br>नाम / मीट्रिक टन/दिन / वार्षिक*<br>लैड ऑक्साइड ग्रे एंड रेड / 15 / 4500<br>रिफाइंड लैड / 15 / 4500<br>लैड एलॉयेज / 15 / 4500<br>रिमेल्टेड लैड / 30 / 9000<br>**बैटरी**<br>नाम / संख्या/दिन / वार्षिक*<br>ऑटो बैटरी / 480 / 144000<br>इन्वर्टर बैटरी / 480 / 144000<br>*केवल कार्यदिवसों को लेते हुए वार्षिक परिकलन के लिए लिये गए दिनों की संख्या 300 |
| 6. | अंतिम वित्तीय वर्ष में बिक्री मुख्य उत्पाद/सेवाओं की मात्रा और मान | अनंतिम तुलनपत्र दिनांकित 20.03.2023 के अनुसार दर्ज बिक्री 55,95,077.50 है।<br>**रिमेल्टेड लैड**<br>20,000.00 किग्रा<br>**ऑक्साइड**<br>14,000.00 किग्रा<br>वर्तमान में कंपनी लीज पर प्रचालन कर रही है। |
| 7. | कर्मचारी/कारीगरों की संख्या | शून्य |
| 8. | दो वर्ष के अंतिम उपलब्ध वित्तीय विवरण (अनुसूचियों सहित), लेनदारों की सूची, प्रक्रिया की आगामी घटनाओं के लिए संबंधित तिथियों सहित विस्तृत विवरण उपलब्ध है: | विवरण अंतरिम संकल्प प्रफेशनल को starlit.cirp@gmail.com पर अनुरोध भेजकर लिया जा सकता है। |
| 9. | कोड की धारा 25(2)(एच) के तहत संकल्प आवेदकों की पात्रता उपलब्ध है: | विवरण संकल्प प्रफेशनल को starlit.cirp@gmail.com पर अनुरोध भेजकर लिया जा सकता है। |
| 10. | अभिरुचि की अभिव्यक्ति प्राप्ति की अंतिम तिथि | 01–06–2023 |
| 11. | संभावी संकल्प आवेदकों की अनंतिम सूची के निर्गम की तिथि | 11–06–2023 |
| 12. | अनंतिम सूची को आपत्तियाँ प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 16–06–2023 |
| 13. | ईओआई जमा करने की ईमेल आईडी | starlit.cirp@gmail.com |

हस्ता./–
श्री खुशविंदर सिंघल
अंतरिम संकल्प प्रफेशनल
पंजीकरण सं.: IBBI/IPA-002/IP-N00888/2019-2020/12833
हिते मेसर्स स्टारलाइट पॉवर सिस्टम्स लिमिटेड
पंजीकृत ईमेलः kvsinghal@gmail.com
पत्राचार के लिए ईमेलः starlit.cirp@gmail.com
मोबाइलः +91–9914030030, +91–9875921491

दिनांकः 17.05.2023
स्थानः चंडीगढ़



**BALGOPAL HOLDINGS AND TRADERS LIMITED**
**CIN: L67120MH1982PLC027394**
**Regd. Office:** 4/1, C Wing, Trade World, Kamal Mills Compound,Senapati Bapat Marg, Lower Parel (W), Mumbai - 400013
**Tel:** +91 22-24903107 **Email:** investor@balgopal.me
**Website:** http://balgopal.me/BalGopal/index.aspx

This Public Announcement (**"PA"** or the **"Public Announcement"**) is being issued by Balgopal Holdings and Traders Limited (the **"Company"** or **"BHTL"**) in respect of voluntary delisting of 100% of its equity shares i.e., 1,91,400 equity shares of Rs. 10/- each **("Equity Shares")** of the Company listed on BSE Limited, in accordance with the Securities and Exchange Board of India letter dated April 25, 2023 bearing reference no. SEBI/HO/CFD/DCR2/P/OW/2023/16684/1 **("SEBI Exemption")**, granting relaxation to the Company from strict compliances of Regulation 7 read with Chapter IV of the Securities and Exchange Board of India (Delisting of Equity Shares) Regulations, 2021 **("Delisting Regulations")**.

1. **BACKGROUND OF THE COMPANY**
   The Company is a public limited company incorporated on June 11, 1982, under the provisions of the Companies Act, 1956 having its registered office at 4/1, C Wing, Trade World, Kamala Mills Compound Senapati Bapat Marg, Lower Parel, Mumbai - 400 013.
   The Company is a non-banking finance company registered with the Reserve Bank of India.
   The paid-up equity share capital of the Company, as on date is ₹ 19,14,000/- consisting of 1,91,400 equity shares of ₹ 10/- each.
   The Equity Shares of Company are listed on BSE Limited and currently are suspended for trading.
   Since September 30, 1992, 100% of the shareholding of the Company has been held by the promoters/ promoter group of the Company.
2. **BACKGROUND OF VOLUNTARY DELISTING OF THE EQUITY SHARES OF THE COMPANY**
   Based on an application made by the Company under Regulation 42 of the Delisting Regulations, SEBI, vide SEBI Exemption, granted exemption to the Company from strict compliance with the provisions of Regulation 7 read with Chapter IV of the Delisting Regulations, i.e., requirement of providing exit opportunity to public shareholders in case of voluntary delisting of the Company and directed the Company to issue this public announcement.
3. **THE ANNOUNCEMENT**
   This is to inform the public that the Company shall be making an application to BSE Limited for voluntary delisting of its Equity Shares from BSE Limited on or before May 24, 2023.
   Once BSE Limited grants the approval for the voluntary delisting, the Equity Shares of the Company will be delisted and will no longer be available for trading.
4. **CONTACT PERSON:**
   In case any member of the public have any query, he or she may address the same to Mr. Sushil Mishra - Director of the Company at 4/1, C Wing, Trade World, Kamal Mills Compound,Senapati Bapat Marg, Lower Parel (W), Mumbai - 400013, Email: investor@balgopal.me Contact No.: 022-24903107.

**For Balgopal Holdings and Traders Limited**

**Place : Mumbai**
**Date : May 16, 2023**

**Sushil Mishra**
**Director**
**DIN: 07396672**


# नई स्टार्टअप पर सिकोया का दांव बरकार

**आर्यमन गुप्ता**
नई दिल्ली, 16 मई

**भारतीय** स्टार्टअप कंपनियों की रकम जुटाने की रफ्तार भले ही सुस्त दिख रही हो और बड़ी स्टार्टअप कंपनियों की कीमत घट रही हो, मगर प्रमुख वैश्विक निवेश कंपनी सिकोया कैपिटल भारत में नई स्टार्टअप कंपनियों पर बड़ा दांव लगा रही है।

चालू कैलेंडर वर्ष की पहली तिमाही में नई स्टार्टअप कंपनियां केवल 84.4 करोड़ डॉलर जुटा पाईं, जो पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही से करीब 68 फीसदी कम है। लेकिन सिकोया दक्षिण पूर्व एशिया के सर्ज पार्टनर आनंदमय रायचौधरी ने कहा कि नई स्टार्टअप कंपनियों में हमारा निवेश पहले जैसा ही है।

रायचौधरी ने कहा कि सिकोया अभी भी नई स्टार्टअप कंपनियों में निवेश के लिए उत्साहित है। कंपनी की विशेष तौर पर आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई), डीप



टेक्नोलॉजी (डीप टेक) और सेमीकंडक्टर जैसे क्षेत्रों में दिलचस्पी है।

रायचौधरी ने इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा आयोजित सेमीकॉनइंडिया फ्यूचर डिजाइन रोड शो के दौरान बिज़नेस स्टैंडर्ड से कहा, 'नई स्टार्टअप कंपनियों में निवेश हमारी प्रमुख रणनीति है। मुझे लगता है कि अगले कुछ वर्षों में एआई सबसे दमदार क्षेत्र होगा मगर सेमीकंडक्टर और डीप टेक भी उसके आसपास ही रहेंगे।'

रायचौधरी ने कहा कि सेमीकंडक्टर स्टार्टअप कंपनियों के लिए सरकारी मदद से बड़े पैमाने पर कंपनियां आएंगी, जो निवेश के लिए काफी उत्साहजनक अवसर होगा। उन्होंने कहा कि यह भारत में स्टार्टअप के लिए एक नया अध्याय होगा।

डिजाइन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना के तहत सरकार करीब 27 स्टार्टअप कंपनियों के लिए 1,200 करोड़ रुपये का आवंटन पहले ही कर चुकी है।

सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा है कि सेमीकंडक्टर डिजाइन क्षेत्र में स्टार्टअप के लिए काफी संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में सरकारी मदद के लिए अलावा काफी निवेश हो रहा है।

रायचौधरी ने कहा, 'हमारी नजर प्रौद्योगिकी में ठोस उन्नति पर है। यह एक ऐसी अवधारणा है जो निवेश करते समय काफी महत्त्वपूर्ण होती है। हम ऐसी जगह निवेश नहीं करना चाहते हैं जो केवल सरकारी मदद पर निर्भर हो। बल्कि हम ऐसी जगह निवेश करना चाहते हैं जो अपने दम पर मुकाम हासिल कर सके।'

कैलिफोर्निया की निवेश कंपनी ने पिछले साल जून में अपने सबसे बड़े क्षेत्र- भारत एवं दक्षिण पूर्व एशिया की स्टार्टअप कंपनियों में निवेश के लिए 2.85 अरब डॉलर की भारी भरकम रकम जुटाई थी। भारतीय उद्यमों और ग्रोथ फंडों के लिए करीब 2 अरब डॉलर कंपनी ने आवंटित किए थे।

**दिल्ली संस्करण :** बिज़नेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक नंदन सिंह रावत द्वारा द इंडियन एक्सप्रेस (प्रा) लिमिटेड, ए-8, सेक्टर-7, नोएडा, गौतम बुद्ध नगर-201301, उ.प्र. से मुद्रित एवं नेहरू हाउस, 4, बहादुर शाह जफर मार्ग, नईदिल्ली से प्रकाशित
संपादक : कैलाश नौटियाल आरएनआई नं. DELHIN/2008/27804 पाठक संपादक को lettershindi@bsmail.in पर संदेश भेज सकते हैं। टेलीफोन - 033-22101314/1022/1600 फैक्स - 033-22101599
सबस्क्रिप्शन और सर्कुलेशन के लिए संपर्क करें... सुश्री मानसी सिंह हेड, कस्टमर रिलेशन्स बिज़नेस स्टैंडर्ड लिमिटेड, तीसरी और चौथी मंजिल, बिल्डिंग एच, पैरागन सेंटर, सेंचुरी मिल्स के सामने, पी बी मार्ग, वर्ली, मुंबई 400 013 ईमेल.. subs_bs@bsmail.in या 57575 पर एसएमएस करें REACHBS कोई हवाई अधिभार नहीं